हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, मंगलवार 28 अप्रैल 2026



# शादी कार्यक्रम के दौरान डांस करते समय विवाद पर चला चाकू, युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बारात के दौरान डांस करते वक्त एक बाराती को धक्का लग गया। इस बात से उपजे विवाद पर आरोपी ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। बीच-बचाव कर रहा युवक भी इस घटना में घायल है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की।



पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम रामाटोला में 26 अप्रैल को एक परिवार की लड़की की शादी थी। जिसमें ग्राम सांकरा से बारात आई हुई थी। रात्रि लगभग सवा आठ बजे बारात गांव भ्रमण के लिए निकली थी। जिसमें डीजे बज रहा था, बाराती डांस कर रहे थे। इस बारात में गांव का लड़का योनिश कुमार सिन्हा अपने दोस्तों के साथ डांस कर रहा था। जिससे किसी बाराती को धक्का लग गया। इस बात से विवाद हो रहा था, तभी आरोपी ने योनिश कुमार पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसे गंभीर चोंटे आई। वहीं बीच-बचाव कर रहे दो युवकों पर भी आरोपी ने हमला किया।

## हत्या के बाद रामाटोला में फैली सनसनी, अपराध दर्ज, पुलिस मामले की जांच में जुटी

### मामला दर्ज, जांच जारी

जिससे वे भी घायल हो गए। बताया गया कि घायल योनिश कुमार को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामाटोला लेकर गए, जहां से रिफर करने पर सरकारी अस्पताल डोंगरगढ़ ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी मंगलेश सिन्हा ने दर्ज कराया है। इधर इस घटना से गांव व शादी में आए लोगों में सनसनी फैल गई थी। ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया था। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू की। बताया गया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बुजुर्ग महिला संदिग्ध रूप से मृत मिली, सीढ़ी से गिरने की आशंका

इधर इसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक वृद्ध महिला संदिग्ध रूप से मृत अवस्था में देखी गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि डोंगरगढ़ कश्मीरीपारा में रहने वाली लगभग 75 वर्षीय महिला जिसका नाम कचरी यादव बताया गया है। अपने घर में संदिग्ध अवस्था में मृत अवस्था में देखी गई। जिससे आसपास के क्षेत्र में



सनसनी फैल गई थी। घटना की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतिका को पीएम के लिए भिजवाया गया है। इधर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर ने बताया कि महिला की संदिग्ध मृत्यु के संबंध में पीएम रिपोर्ट का इंतजार है। इसके बाद ही मृत्यु की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



Ajay Advt.

## खबर संक्षेप

### चाकू लहराकर डराने वाला गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** चाकू लहराकर डराने-धमकाने के आरोपी को पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी से चाकू बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 26 अप्रैल की रात्रि पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि होटल विल्सन मानव मंदिर के पीछे एक व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर हाथ में धारदार चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस टीम पहुंची, पुलिस टीम को देखकर आरोपी भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे टीम ने मुस्तैदी से पकड़ लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक नग स्टील का धारदार चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी तरूण कांक्षी 26 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## मेढ़ा में कार्यालय परिसर में शराब पीने वाला समिति प्रबंधक निलंबित

# अधिक धान मिलने पर 12 समितियों को नोटिस, सात दिन में मांगा जवाब

### माहांत तक शत-प्रतिशत उठाव सुनिश्चित करने में जुटा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिलेभर में धान का उठाव अब अंतिम चरण पर पहुंच गया है। जिले की 92 समितियों में लगभग डेढ़ लाख क्विंटल धान का उठाव ही शेष है। ऐसे में प्रशासन ने अप्रैल महीने में ही शत-प्रतिशत उठाव सुनिश्चित करने के लिए समिति प्रबंधकों की बैठक लेना भी शुरू कर दिया है।

बताया गया कि विगत 24 अप्रैल से अलग-अलग समूह बनाकर समितियों की बैठक ली जा रही है। बैठक के दौरान ही धान खरीदी के दौरान जिले की जिन समितियों में भौतिक सत्यापन के जरिये अधिक धान की पुष्टि हुई थी। अब उन समितियों को जिला प्रशासन द्वारा एक बार फिर से नोटिस जारी की गई है। हालांकि प्रशासन की तरफ से यह साफ नहीं किया गया है कि नोटिस किस कारण से जारी की गई है। हालांकि प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन समितियों में जो धान अधिक मात्रा में मिला था, उस धान को लेकर ही सवाल किए गए हैं।

**खास बातें**

- सात दिनों के भीतर सभी समितियों से मांगा गया जवाब
- उठाव को लेकर प्रशासन ने ली समितियों की बैठक, जाना शेष धान का हाल



### 31 मार्च तक होना था 100% उठाव

ज्ञात हो कि प्रदेश शासन ने इस बार 31 मार्च तक शत-प्रतिशत उठाव किए जाने के निर्देश जारी किए थे, लेकिन जिले में अप्रैल महीना बीतने को है और अब भी लगभग डेढ़ लाख क्विंटल धान का उठाव होना बाकी है। इसी को लेकर अब प्रशासन ने सख्ती करना शुरू कर दिया है।

### परिसर में शराब सेवन पड़ा भारी

इधर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने मेढ़ा समिति के प्रबंधक सुखदास केसरी को निलंबित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार समिति प्रबंधक सुखदास मेढ़ा स्थित कार्यालय परिसर के भीतर ही शराब सेवन कर रहे थे। जिनकी तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल हो रही थी। जिसको लेकर ही कार्रवाई करते हुए यह एक्शन लिया गया है। उनके स्थान पर सहायक प्रबंधक रविन्द्र साहू को समिति प्रबंधक का प्रभार दिया गया है।

### मिलर्स से समिति प्रबंधक जुगाड़ रहे धान!

ज्ञात हो कि जिले की जयसिंहटोला, शिकारीमहका, कल्लूबंजारी, तुमड़ीबोड़ तेन्दुनाला, रामपुर, संबलपुर, मुरमुंदा और घुमका समितियों में खरीदी के मुकाबले में अधिक मात्रा में धान पाया गया था। इन समितियों में लगभग आठ सौ मीट्रिक टन अधिक धान मिला था। ऐसे में प्रशासन यह देख रहा है कि जितने धान की खरीदी हुई और जितना धान अधिक पाया गया था। प्रशासन ने समिति प्रबंधकों को नोटिस जारी कर अधिक मिले धान को लेकर ही सवाल किए हैं। इधर सूत्रों के अनुसार कुछ समितियों ने मिलर्स से भी धान को लेकर संपर्क किया है। ऐसा बताया गया कि धान का जुगाड़ किया जा रहा है।

### इन समिति प्रबंधकों को प्रशासन द्वारा जारी की गई नोटिस

मिली जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा कुल 12 समितियों को नोटिस जारी किया गया है। इनमें छुरिया ब्लॉक की छह समितियां जिनमें छुरिया, जयसिंहटोला, खोभा, शिकारीमहका, महाराजपुर, कल्लूबंजारी शामिल हैं। ऐसे ही डोंगरगांव ब्लॉक के चार समितियां जिनमें तुमड़ीबोड़, तेन्दूनाला, रामपुर और संबलपुर समिति शामिल हैं। वहीं राजनांदगांव ब्लॉक की दो समिति मुरमुंद एवं घुमका को नोटिस जारी किया गया है। बताया गया कि इनमें वह समितियां शामिल हैं, जहां भौतिक सत्यापन के दौरान धान अधिक या कम मात्रा में प्राप्त किया गया था।

# सोसायटी बदलने से नाराज किसानों ने किया चक्काजाम

## यथावत रखने का आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सोसायटी बदलने की बात पर आक्रोशित बधियाटोला, रामनगर सहित छिरपानी के सैकड़ों किसानों ने मुरमुंदा चौक में चक्काजाम कर दिया। अधिकारियों द्वारा सोसायटी यथावत रखने के आश्वासन पश्चात चक्काजाम समाप्त किया गया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ क्षेत्र के बधियाटोला, रामनगर, छिरपानी के किसानों का सोसायटी बदल दिया गया है। इस मामले को लेकर उक्त गांव के ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते एवं पूर्व की सोसायटी में ही यथावत रखे जाने की मांग को लेकर मुरमुंदा में एकत्र होकर चक्काजाम कर दिया। जिससे चिलचिलाती धूप में मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**यातायात रहा ठप्प**

किसानों के आव्हान पर सोमवार को दिन 11 बजे से शाम 4 बजे चक्काजाम का आह्वान किया गया था। निर्धारित समय पर किसानों द्वारा मार्ग अवरुद्ध कर यातायात ठप्प हो गया था। इस दौरान पुलिस प्रशासन सहित संबंधित जिम्मेदार अधिकारी हलाकान व परेशान दिखे।

**बड़ी संख्या में उपस्थिति**

इस आंदोलन में प्रमुख रूप से पूर्व किसान नेता दशरथ सिंह ठाकुर, सोमेश्वर सिन्हा, हरीश भंडारी, विजय राज, खेलू पटेल, अमरचंद निषाद, प्रमोद सायकल स्टोर, संतोष बहेकार, अशोक शेंडे, प्रकाश सेन, घनश्याम सिन्हा, अर्जुन बांधे, खेमिन ठाकुर, घनश्याम साहू, छोटेलाल वर्मा, पलटन सिन्हा, गोपाल सिन्हा, चेतन सिन्हा, मंगल साहू, बड़ेलाल वर्मा, गुलशन सिन्हा, बबला सिन्हा, संतु सिन्हा, भगवानिक साहू, संतोष चंद्रवंशी, दीप चंद्रवंशी, भारत सिन्हा, मनोज साहू सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### आश्वासन पश्चात प्रदर्शन समाप्त

संबंधित अधिकारी डीआर टंडन मौके पर पहुंचकर किसानों को लिखित में आश्वासन दिया कि किसानों की मांग अनुसार बधियाटोला, रामनगर सहित छिरपानी के किसानों को मुड़पार सोसायटी में ही यथावत रखा जाएगा। इस आश्वासन के बाद आक्रोशित किसानों ने शाम 3 बजे चक्काजाम व धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया। जिसके बाद सड़क आवागमन सुचारू रूप से प्रारंभ हो गया।

# लुका-छुपी के दौरान शौचालय ढहने से बालक की मौत, एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले मे बढ़ते जानलेवा हादसो के बीच अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के बागनारा गांव मे रविवार शाम 5 बजे के लगभग एक हृदयविदारक हादसे की खबर सामने आई है, जहां लुका छुपी खेल रहे बच्चों के ऊपर एक जर्जर शौचालय का दीवार अचानक ढह जाने से 9 वर्षीय मासूम बालक की मौके पर ही मौत हो गई, इस घटनाक्रम मे एक बालक गंभीर रूप से घायल है।



मिली जानकारी के अनुसार बागनारा गांव में रविवार शाम 4 से 5 बजे के लगभग 6 बच्चे लुका छुपी का खेल खेल रहे थे गांव के अकबर तोपसे के बाडी मे पुराना जर्जर शौचालय के आसपास बच्चे खेल रहे थे, तभी शौचालय का दीवर भरभराकर के गिर गया, जिसकी चपेट में आकर ओमेंद्र पिता भीमराव नुरेशिया की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि शौचालय के भीतर तीन बच्चे छुपे हुए थे इसमें एक को मामूली चोट आई है वही

हर्ष कुमार पिता हेमलाल निवासी बागनारा भी गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे आनन फानन मे तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसकी नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है।

# सरपंच पर सोलर कंपनी को फर्जी एनओसी देने का आरोप, कार्रवाई के लिए पंचों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के ग्राम दीवानझिटया में सोलर कंपनी को फर्जी तरीके से एनओसी जारी किए जाने का मामला सामने आया है। सोमवार को ग्राम के पंचगणों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर इस मामले में सरपंच-सचिव के खिलाफ आरोप लगाते कार्रवाई की मांग की है।



कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ग्राम पंचायत दीवानझिटिया के पंचगणों ने वर्तमान सरपंच द्वारा पद का दुरूपयोग करते ग्रामवासियों के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के साथ पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता कुशाल सिंह राजपूत ने कहा कि सरपंच-सचिव द्वारा फर्जी तरीके से एसआरवी कंपनी को सोलर संयंत्र निर्माण के लिए एनओसी दिया गया है। जिसमें सैकड़ों पेड़ काटे जा रहे हैं। ग्रामीणों के साथ कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे वार्ड के पंचगणों ने धोखाधड़ी से ली गई एनओसी को तत्काल प्रभाव से शून्य घोषित करने और इस मामले में सरपंच और अन्य के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने मांग की है।

**धोखे से हस्ताक्षर कराने का आरोप:** आवेदन देने पहुंचे ग्राम के पंच रामेश्वर निषाद और पंच पिंकी साहू ने कहा कि सरपंच राजू लाल यदु द्वारा विगत दिनों ग्रामवासियों एवं वार्ड पंचों से किसी अन्य शासकीय कार्य का बहाना बनाकर उपस्थिति पंजी एवं कागजों पर धोखे से हस्ताक्षर करा लिया गया। ग्रामवासी एवं वार्ड पंचों को सोलर प्लांट या उसकी एनओसी के विषय में कोई जानकारी नहीं दी गई। ग्राम पंचायत दीवानझिटिया के सरपंच द्वारा धोखाधड़ी कूटरचना करते पद के दुरूपयोग का आरोप लगाकर छत्तीसगढ़ पंचायतीराज अधिनियम की धारा 40 के तहत कार्रवाई के लिए आवेदन दिया है।

# चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेलवे बुकिंग आफिस के पास आरोपी युवक द्वारा धारदार हथियार लेकर घूमने की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को पकड़कर चाकू बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 27 अप्रैल को कोतवाली पुलिस को मुखबीर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि रेलवे बुकिंग ऑफिस राजनांदगांव के पास खाली जगह पर एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। अपने पास अवैध रूप से चाकू रखे हुए है। पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक लोहे का जंग लगा धारदार चाकू बरामद किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी दानिश खान 20 वर्ष निवासी ममता नगर को गिरफ्तार किया गया एवं न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कराया गया।

## सोमवार को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर रहे व्यापारी संघ

# डीलर मार्जिन में वृद्धि, कीटनाशक का सैंपल फेल होने पर कार्रवाई से छूट जैसे 12 मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिलेभर के खाद एवं कीटनाधक विक्रेताओं ने सोमवार को कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें डीलर की मार्जिन में वृद्धि, कीटनाशक का सैंपल फेल होने पर सीधे विक्रेताओ पर कार्रवाई से छूट और खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करने सहित दर्जनभर मांग शामिल है। इन मांग को लेकर सभी विक्रेता कल एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर भी रहने वाले हैं। कृषि क्षेत्र से जुड़े कीटनाशक विक्रेताओं ने अपनी 12 सूत्रीय मांगों के समर्थन में आज प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से संबंधित विभाग को ज्ञापन सौंपा।



विक्रेताओं का कहना है कि वर्तमान नियमों और कम मार्जिन के कारण उनका व्यापार करना कठिन होता जा रहा है। उनका तर्क है कि बढ़ती लागत और संचालन खर्चों के बीच वर्तमान मार्जिन बेहद कम है। जिससे व्यापार घाटे का सौदा साबित हो रहा है। लाइसेंस प्रक्रिया का सरलीकरण, कीटनाशक लाइसेंस के नवीनीकरण और नए नियमों में ढील देने की मांग भी की गई है। इसके अलावा यह भी मांग रखी गई कि लिंकिंग बंद हो, एक्सपायर्ड खाद ले वापस। व्यापारियों ने यह भी मांग रखी कि उर्वरक निर्माता कंपनियां सब्सिडी खाद के साथ ही अनपयोगी उत्पादों की जबरन लिंकिंग करती है। जिसको अपराध घोषित किया जाना चाहिए। यूपी राज्य की तरह ही देशभर में इसमें रोक लगाई जानी चाहिए। इसके अलावा कंपनियों को पुराने एवं एक्सपायर्ड स्टॉक को वापस लेना कानूनी रूप से अनिवार्य किया जाए।

### डीलर को बनाए साक्षी

ज्ञापन के माध्यम से यह भी कहा गया है छोटी-मोटी बातों में भी उप संचालक कृषि द्वारा लाईसेंस निलंबित कर दिया जाता है, उसे 21 दिनों में स्वतः बहाली का प्रावधान हो। हम केवल विक्रेता हैं, निर्माता नहीं, जब हम कंपनी से सीलबंद दवा लेकर किसान को देते हैं, तो अंदर की गुणवत्ता पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं होता। सैंपल फेल होने पर पुलिस केस और लाइसेंस रद्द करने जैसी कार्रवाई विक्रेता पर करना अन्यायपूर्ण है। ऐसे में इन मामलों में डीलर को गवाह बनाया जाए और केवल कंपनियों पर जवाबदेही तय की जाए।



Ajay 9827144371



## खबर संक्षेप



### सामुदायिक भवन का लोकार्पण

**डोंगरगढ़।** पिपलाकछार में सामुदायिक भवन का लोकार्पण विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने पूजा-अर्चना कर किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने लंबित मांग पूरी होने पर विधायक का स्वागत किया। लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि यह सामुदायिक भवन केवल ईट और सीमेंट का ढांचा नहीं, बल्कि सभी ग्रामीणों की एकता और अथक प्रयासों का प्रतिफल है। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सौगात से ग्राम विकास के नए रास्ते खुलेंगे।

### शिक्षा कार्यालय में बेजा वसूली की शिकायत

**डोंगरगढ़।** ब्लॉक शिक्षा कार्यालय इन दिनों अनियमितता और बेजा वसूली का केन्द्र बन गया है। नियमों को ताक पर कार्य करने से न केवल योजनाएं प्रभावित हो रही है, बल्कि शिक्षकों और कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। कार्यालय में विभिन्न कार्यों के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। शिक्षकों का कहना है कि उन्हें अनावश्यक दबाव डालकर पैसे देने मजबूर किया जाता है। शिक्षकों ने मामले की जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो शिक्षा व्यवस्था पर इसका गंभीर असर पड़ेगा।

### अर्जुनी कॉलेज का आठ कॉलेजों के साथ एमओयू



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय के साथ रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया, डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव, कमला देवी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव, शिवनाथ महाविद्यालय राजनांदगांव, दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय घुमका, अवंती बाई महाविद्यालय छुईखदान, लाल चक्रधर शाह महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी ने शैक्षणिक एवं संस्थागत सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। एमओयू प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर तथा समस्त महाविद्यालय के प्राचार्य के मध्य हुआ। इस समझौते के तहत महाविद्यालयों के बीच अनुसंधान कार्यों, शैक्षणिक गतिविधियों तथा विद्यार्थियों के विकास को प्रोत्साहित किया जाएगा। विभिन्न गतिविधियों के तहत सेमीनार, कार्यशाला, संगोष्ठी, अतिथि व्याख्यान आदि का आयोजन किया जाएगा।

### महंगाई के बीच शहर के लोगों की बढ़ेगी परेशानी

# यूजर चार्ज बढ़ाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

जहां महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ रखी है, वहीं अब नगर पंचायत गंडई जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने की तैयारी में है। परिषद की हालिया बैठक में घरों और दुकानों से कचरा संग्रहण के बदले लिए जाने वाले यूजर चार्ज में वृद्धि का प्रस्ताव किया गया है। प्रशासन का तर्क है कि नियमानुसार हर तीन साल में उपभोक्ता प्रभार में बढ़ोतरी अनिवार्य है, जो पिछले छह सालों से यथावत है। महंगाई के दौर में यह फैसला स्थानीय लोगों के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

#### जनता की जेब पर असर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के नियमों के मुताबिक आवासों के लिए निर्धारित यूजर चार्ज में प्रत्येक तीन वर्ष के पश्चात 10 रुपए वृद्धि का प्रावधान है। गंडई में अब तक मणि कंचन केंद्र के माध्यम से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के एवज में प्रति घर और दुकान से 30 रुपए मासिक शुल्क लिया जा रहा था। अब परिषद ने वृद्धि का प्रस्ताव किया है। लोगों का कहना है कि मध्यम और निम्न वर्गीय परिवारों के लिए यह वृद्धि आर्थिक बोझ बढ़ाएगी। नगर पंचायत के इस निर्णय से स्थानीय लोगों में असंतोष है, क्योंकि बुनियादी सुविधाओं और सफाई की गुणवत्ता में सुधार के बजाय शुल्क बढ़ाने को प्राथमिकता दी जा रही है।




#### पड़ोसी शहर में स्थिति जुदा

नगर पंचायत गंडई के जिम्मेदारों का कहना है कि राजपत्र के अनुसार यह वृद्धि की जा रही है लेकिन हैरानी की बात यह है कि पड़ोसी नगर पंचायत छुईखदान में तस्वीर बिल्कुल अलग है। छुईखदान नगर पंचायत से संपर्क किया गया तो पता चला कि शासन की ओर से वर्तमान में दरें बढ़ाने का कोई नया आदेश नहीं आया है, इसलिए वहां आज भी 30 रुपये ही यूजर चार्ज लिया जा रहा है।

#### जनता की नजरें प्रशासन पर

परिषद के इस प्रस्ताव के बाद हजारों परिवारों के मासिक बजट पर सीधा असर पड़ना तय है। प्रबुद्ध नागरिकों का मानना है कि एक ओर जहां अन्य निकाय यूजर चार्ज को यथावत रखे हुए हैं, वहीं गंडई में लिया गया यह फैसला लोगों की जेब पर सीधा प्रहार है। अब देखना होगा कि क्या प्रशासन जनभावनाओं को देखते हुए इस पर पुनर्विचार करता है या जनता को यह अतिरिक्त आर्थिक बोझ सहना ही पड़ेगा।

#### आर्थिक चुनौतियों के बीच नया बोझ

वर्तमान में बिजली बिल, रसोई गैस और अन्य घरेलू खर्चों की बढ़ती लागत से जनता पहले ही त्रस्त है। अब सफाई के नाम पर अतिरिक्त बोझ को लेकर नागरिकों का कहना है कि नगर पंचायत को पहले कचरा प्रबंधन को सुधारना चाहिए। राजपत्र में अतिगरीब, निराश्रित, विधवा और दिव्यांग व्यक्तियों को इस प्रभार से छूट की श्रेणी में रखा गया है, लेकिन सामान्य वर्ग और छोटे व्यापारियों के लिए यह अतिरिक्त खर्च चिंता का विषय है।

#### जिम्मेदारों ने क्या कहा

सीएमओ अविनाश देवांगन ने बताया कि हर 3 वर्ष में 10 प्रतिशत वृद्धि का नियम है गंडई में एक बार भी यूजर चार्ज में वृद्धि नही किया गया था। परिषद में 10 प्रतिशत यूजर चार्ज में वृद्धि का निर्णय लिया है।

#### आर्थिक बोझ बढ़ेगा

ब्लाक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भिगेश यादव का कहना है कि यूजर चार्ज बढ़ाने से आम जनता के जेब पर अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा। नगर पंचायत के जिम्मेदारों से निवेदन किया जाएगा इस व्यवस्था को सुधारे।

#### निर्णय सही नहीं

सराफा व्यापारी प्रह्लाद ताम्रकार ने कहा कि बढ़ी महंगाई के बीच नागरिकों पर यूजर चार्ज बढ़ा कर अतिरिक्त बोझ डालना सही नहीं होगा। नगर पंचायत को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

#### यथावत रखे शुल्क

नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष रूक्मणी देवांगन ने कहा कि महंगाई के चलते लोगों का घर चलाना मुश्किल हो गया है इसलिए यूजर चार्ज बढ़ाकर जनता को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। नगर पंचायत चार्ज को यथावत रखे।



## स्थापित हुई तथागत बुद्ध की प्रतिमा

**डोंगरगांव।** नव निर्मित सिद्धार्थ बुद्ध बिहार का अनावरण गत दिनों विविध आयोजन के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर थाईलैंड से आई भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्थापित किया गया। कार्यक्रम में भदंत आर्य नागार्जुन सुरई ससाई, भंते नागसेन, भंते धम्मविजय, भदंत धम्म बोधि, भंते भीमा बोधि, भंते धम्मप्रकाश, भंते महानाग, भंते धर्मशील, भंते नागवंश, भंते बुद्धप्रिय, भंते अश्वजीत, भिक्षुणी संघप्रिय थेरी, संघमित्रा, कल्याणी, पुनिका, सुनीता, धम्मप्रिया,

शिलाचारा के अलावा बुद्ध बिहार निर्माण समिति के अध्यक्ष बीरेन्द्र बोरकर, श्याम सुंदर लाऊत्रे सहित बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक उपासिकाएं शामिल हुए।

## सेवानिवृत्त प्राचार्य का सम्मान

**कल्लूबंजारी।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टाटेकसा के प्राचार्य उत्तम वर्मा के सेवानिवृत्त होने पर बिदाई समारोह आयोजित किया गया। सेवानिवृत्त श्री वर्मा की प्रथम नियुक्ति 1994 में पूर्व माध्यमिक विद्यालय आटरा में हुई थी। उन्होंने करीब 32 वर्ष तक वनांचल क्षेत्र में सेवा दी। बिदाई कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजा, गुरु वंदना एवं स्वस्ति वाचन से हुआ। बच्चों ने स्वागत डांस प्रस्तुत किए। प्रभारी प्राचार्य गणपत नेताम ने बताया कि प्राचार्य श्री वर्मा ने 31 वर्ष 10 माह के कार्यकाल में निष्ठा पूर्वक कार्य किया। श्री नेताम एवं रामबिलास सलामे ने श्रीफल और शाल, उद्धव ठाकुर एवं शिशुपाल सिंह कंवर ने अंग वस्त्र,



व्याख्याता मनोज वर्मा एवं श्री देवांगन ने अभिनंदन पत्र भेंट किया। किरण साहू एवं धारिका साहू ने जीवन वृत को वाचन कर भेंट किए। छात्रा शालनी, रेणुका, संध्या एवं श्री ठाकुर ने विदाई गीत प्रस्तुत किया। संचालन उद्धव ठाकुर ने किया।

## काम बढ़ा, सफाई कर्मी घटे

**डोंगरगढ़।** नगर की स्वच्छता और सफाई मित्रों के हितों को लेकर



अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के शहर अध्यक्ष नरेश करसे ने विचारणीय संदेश शहरवासियों के साथ साझा किया है। उन्होंने बताया कि किस तरह संसाधनों और बजट की कमी के बीच सफाई कर्मी शहर की सेवा कर रहे हैं। श्री करसे ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के नियमों का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रति एक हजार की जनसंख्या पर 3 सफाई कर्मचारी होने चाहिए। शहर की आबादी को देखते हुए यहाँ पर्याप्त बल की कमी है। उन्होंने बताया कि शहर में नालियां बढ़कर 5 हजार हो गई हैं लेकिन विडंबना यह है कि काम 10 गुना बढ़ गया और कर्मचारी कम हो गए। 20-25 नियमित कर्मचारियों के रिटायर होने के बाद अब केवल 17 नियमित और 22 प्लेसमेंट कर्मी पूरी व्यवस्था संभाल रहे हैं।

## विधायक ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

- समस्याओं से कराया अवगत, समाधान की मांग

**घुमका।** नगर पंचायत क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कलेक्टर जितेंद्र यादव को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी पीयूष दुबे ने बताया कि विधायक बघेल के नेतृत्व में पेयजल संकट, अघोषित विद्युत कटौती ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था में सुधार, किसानों को खाद बीज एवं ऋण उपलब्ध कराने,



घुमका से गोपालपुर सड़क के चौड़ीकरण करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मंडल अध्यक्ष ख़ेमचंद वर्मा, पीयूष दुबे, फूलमती, जयकुमार वर्मा, दानी वर्मा, छन्नू आडिल, केशव सेन, शशिकला वर्मा, पार्वती, ओंकार आदि मौजूद थे।

## मोदी के विचारों से ग्रामीण प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

प्रधानमंत्री के लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किसान मोर्चा राजनांदगांव एवं मंडल भाजपा तुमड़ीबोड़ के तत्वावधान में किया गया।



इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला महामंत्री डीकेश साहू, मंडल अध्यक्ष जागेश्वर यादव, प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा मूलचंद लोधी, हिरेंद्र साहू, जिपं सभापति प्रशांत कोड़ापे, गीता साहू, संजय सिन्हा, जितेंद्र सिन्हा, टीकम पटेल, गणेश्वर सिन्हा, निवेदन साहू, रामनाथ वर्मा, गोकुल सिन्हा, जीवन पटेल, यस पारख, मोहन पाल, जितेंद्र वर्मा, मोहन सिन्हा, तिमेश साहू, छगन पटेल, कमलेश साहू, शत्रुघ्न वर्मा, मनोहर वर्मा, लोमश नेवला, प्रभास साहू, चेतन पाल, राधा कंवर, मेघा साहू, दादूराम सोनकर, प्रभात साहू, कमलेश साहू, छगन पटेल, कोमल साहू, डॉ. विद्या विलास श्रीवास्तव, शत्रुघ्न वर्मा आदि मौजूद थे।

**डोंगरगढ़।** शहर भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने वार्ड 12 के त्रिलोक ज्वेलर्स में मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष जसमित सिंह बन्नोआना, वीरेंद्र सोनी, विजेन्द्रसिंह ठाकुर, विनीत यादव, विनय बंसल, देवेंद्र भाई, राजकुमार, श्यामलाल एवं धन्नू सोनी उपस्थित थे।



**छुरिया।** विकासखंड के अंतिम छोर में बसे केशोखैरी में जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। इस दौरान एमडी ठाकुर, खिलेश्वर साहू, बीरम मंडावी, हेमीन साहू, स्वाति मंडावी, डोमन पटेल, रामकुमार मंडावी, मोनू गुप्ता, टीकम साहू, भूपेंद्र निर्मलकर मौजूद थे।



## खरीफ सीजन के लिए बीज निगम ने जारी किया परिपत्र

- अनाज, दलहन-तिलहन के प्रमाणित बीजों की विक्रय दर निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा चालू खरीफ सीजन के लिए अनाज, दलहन एवं तिलहन फसलों के प्रमाणित एवं आधार बीजों के विक्रय दर निर्धारित कर दिए गए हैं। इस संबंध में राज्य स्तरीय बीज विक्रय दर निर्धारण समिति की बैठक में विभिन्न फसलों के बीजों की दरों को अनुमोदित किया गया।

राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार धान (मोटा एवं पतला), धान सुगंधित, कोदो-कुटकी, रागी, उड़द, मूंग, कुल्थी, सोयाबीन, मूंगफली, तिल, रामतिल, ज्वार तथा अरहर सहित प्रमुख फसलों के लिए अलग-अलग अवधि एवं किस्मों के आधार पर दरें तय की गई है। धान मोटा की दर 3,478 रुपए प्रति क्विंटल तथा धान पतला की दर 3,919 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है। वहीं तिल के बीजों की कीमत 20,539 रुपए प्रति क्विंटल तक रखी गई है, जो उच्च श्रेणी में शामिल है।

इसी प्रकार सभी किस्मों के सुगंधित धान कृषकों के लिए 4803 रुपए प्रति क्विंटल तथा सहकारी समितियों के लिए 4611 रुपए निर्धारित की गई है। कोदो-कुटकी की दरें कृषकों के लिए 7245 तथा समितियों के लिए 6995 रुपए, रागी किस्मों के लिए 7229 रुपए तथा समितियों के लिए 6940 रुपए, उड़द 5 वर्ष के अंदर के किस्में किसानों के लिए 14351 तथा समिति के लिए 13777 रुपए, उड़द 10 वर्ष के अंदर के किस्मे किसानों के लिए 1407 तथा समिति के लिए 13777 रुपए, उड़द 10 वर्ष के ऊपर के किस्मे 14351 तथा समिति के लिए 13777 रुपए प्रति क्विंटल की दर तय की गई है।

सोयाबीन किसानों के लिए 9573 तथा समिति के लिए 9190 रुपए, सोयाबीन 10 वर्ष के ऊपर के किस्मे किसानों के लिए 9805 तथा समिति के लिए 13413 रुपए निर्धारित की गई है। मूंगफली 10 वर्ष के अंदर के किस्मे किसानों के लिए 11816 तथा समिति के लिए 11343 रुपए, मूंगफली 10 वर्ष के ऊपर के किस्मे किसानों के लिए 11816 तथा समिति के लिए 11343 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है। इसी तरह अरहर 10 वर्ष के अंदर के किस्मे किसानों के लिए 11369 तथा समिति के लिए 10914 रुपए, अरहर 10 वर्ष के ऊपर के किस्मे किसानों के लिए 13220 तथा समिति के लिए 12651 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है। वहीं रामतिल की समस्त किस्में किसानों के लिए 12846 रुपए तथा समितियों के लिए 12332 रुपए तथा ढेंचा के सभी किस्में किसानों के लिए 22057 तथा समितियों के लिए 21175 रुपए प्रति क्विंटल तय की गई है।

### दिव्यांग और वृद्धजनों को सहायक उपकरण वितरित

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव गुरुवार को सीआरसी ठाकुरटोला में आयोजित पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में शिशुवती माताओं एवं अभिभावकों को बच्चों के समग्र विकास के लिए सही एवं संतुलित पोषण आहार देने प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के जन्म के पश्चात प्रारंभिक दो वर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि इस अवधि में मस्तिष्क का तीव्र विकास होता है, इसलिए बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को घर पर तिरंगा पौष्टिक भोजन देने के साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों से मिलने वाले रेडी-टू-ईट आहार के उपयोग करने कहा।

### देवयात्रा रही आकर्षण का केन्द्र, हजारों श्रद्धालु पहुंचे

# मंडीप खोल गुफा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

प्राचीन परम्परा अनुसार ऐतिहासिक मंडीपखोल गुफा आम लोगो के लिए सोमवार को खुली। यहां आस्था और रहस्य का संगम देखने मिला। चिलचिलाती धूप में जन समूह दिन भर शिव दर्शन एवं गुफा देखने उमड़ा रहा। लोग कतार बद्ध गुफा में प्रवेश एवं बाहर आते रहे।

गुफा के अंदर कुछ दूरी तक रौशनी रही फिर पर्यटक अपनी व्यवस्था से अंदर गए। गुफा के अंदर भी पुलिस के जवान एवं समिति के सदस्य तैनात रहे जो लोगों को निर्देशित करते रहे। प्रशासन एवं मंडीप खोल सेवा समिति द्वारा यहां पहुंचने वाले लोगों को हरसंभव सुविधा मुहैय्या कराने का प्रयास किया जिसके चलते लगभग 70 हजार लोग मंडीप खोल गुफा पहुंचे। जंगल, पगडंडी के रोमांचक सफर को तय कर लोग गुफा के द्वार पहुंचे। गुफा के अंदर प्रकृति का अदभुत नजारा देख कर अचंभित हुए।



#### प्रसादी वितरण

डीप खोल गुफा में पहुंचे लोगों की सुविधा और सुरक्षा के लिए पूरे रास्ते में प्रशासन और पुलिस की टीम मौजूद रहीं। प्रशासन की टीम सहयोग करते नजर आई। कुछ समाज सेवक एवं संस्था के लोगों ने श्रद्धालुओ के लिए पेयजल, शरबत, खिचड़ी, फल आदि व्यवस्था किया था। गुफा के समीप मंडीप खोल सेवा समिति ने प्रसादी का आयोजन किया। शिव पूजा के बाद हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण किया।

#### प्रशासनिक व्यवस्था रही सराहनीय

शाम ढलने से पहले गुफा के अंदर गए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। सभी के बाहर आने के बाद गुफा को पुनः बंद किया गया। यहां आने वाले लोगों ने प्रशासन एवं पुलिस की व्यवस्था की सराहना किया। समुचित व्यवस्था के लिए मंडीप खोल सेवा समिति एवं ग्रामीणों ने प्रशासन का आभार जताया है।

#### 45 डिग्री तापमान में भी दिखी आस्था

अक्षय तृतीया के बाद आने वाले प्रथम सोमवार को खुली मंडीपखोल गुफा को देखने दिन भर लोगों का हुजूम उमड़ा रहा। 45 डिग्री तापमान में भी लोगों की आस्था कम नहीं हुई। चिलचिलाती धूप में लोग गुफा के बाहर अपने अंदर जाने का इंतजार करते रहे। यहां पहुचे लोग एक ही नदी को अलग अलग जगह सोलह बार पार कर अपनी मंजिल तक पहुंचे। हजारो महिला, पुरूष, युवा एवं बच्चो ने शिवलिंग का दर्शन एवं पूजन कर अपनी आस्था प्रकट किया।

#### निकली देव यात्रा

इस बार यहां देव यात्रा का आयोजन किया गया था। ठाकुर टोला से गुफा तक गई। ग्रामीण आकर्षक वेश भूषा में पारंपरिक वाद्ययंत्र एवं नृत्य करते हुए गुफा तक पहुंचे। यहां ठाकुरटोला राज परिवार के सदस्य रोहित सिंह पुलस्य, समाज एवं ग्राम प्रमुख लोगों ने गुफा के अंदर स्थित श्वेत गंगा में डुबकी लगाई तथा विधि विधान के साथ शिवलिंग की पूजा अर्चना किया।

## जंगल के बीच तंगहाल जिंदगी, जागी नई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

महाराष्ट्र सीमा से सटकर बसी ग्राम पंचायत टीपानगढ़ से डेढ़ किलोमीटर दूर बीहड़ जंगल में रहने वाले धरमदास विश्वकर्मा के बारे में जानकारी मिलने पर जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने मौके पर पहुंचकर हकीकत देखा।

जानकारी के अनुसार धरमदास कई वर्षों से गांव से दूर घने जंगल के बीच एक झोपड़ी में निवास कर रहा है। इस झोपड़ी में न बिजली है और पीने का पानी। बुनियादी सुविधाओं की कमी के बीच असहाय व्यक्ति हर दिन संघर्ष करते हुए जी रहा है। श्री सिंहा जब उस झोपड़ी तक पहुँचे, तो वहाँ की स्थिति देखकर भावुक हो गए। झोपड़ी में जाने के लिए कमर झुकाना पड़ता है। झोपड़ी में एक फटी चटाई, सीमित भोजन नजर आया।



**दिया दिलासा :** श्री सिन्हा ने धरमदास का हालचाल जाना और उसकी परेशानियों को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा, ताकि वह सम्मानजनक जीवन जी सके। इस मुलाकात ने उस व्यक्ति में एक उम्मीद जगाई है। इस अवसर पर मोनू गुप्ता, टीकम साहू, दरबार साहू, अशोक साहू, नरेश साहू मौजूद थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### एक को किसान पंचायत का आयोजन

**राजनांदगांव।** प्रदेश किसान संघ द्वारा आगामी 01 मई मजदूर दिवस एवं लाल श्यामशाह जयंती पर किसान पंचायत का आयोजन किया जाएगा।



दाम-सत्याग्रह अंतर्गत इस आयोजन में खाद, ऋण सीमा, समर्थन बढ़ोत्तरी का लाभ, रा.गा. न्याय योजना का बकाया भुगतान सहित मक्का, सोयाबीन, धान व अन्य फसलों के वजिब दाम के लिए समर्थन मूल्य गारंटी कानून की मांग पर जोर दिया जाएगा। मजदूर दिवस पर मनरेगा बहाल करने की मांग, 4 श्रम कानूनों को रद्द करने की मांग सहित न्यूनतम मजदूरी 700 रुपए एवं न्यूनतम 200 दिनों काम की गांरटी की मांग प्रमुखता से उठाई जाएगी। लाल श्याम शाह जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर जल-जंगल बचाने उनके संघर्षो को याद करते जनहित के मुद्दो पर विधानसभा एवं संसद से बार-बार त्याग पत्र देने की कहानी एवं उनके द्वारा चलाए गए जंगल बचाओ-मानव बचाओ आंदोलन को याद किया जाएगा।उक्त जानकारी सुदेश टीकम ने दी।

### हरीश चंद्राकर को पीएचडी की उपाधि

**राजनांदगांव।** हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय दुर्ग (छग) सामाजिक विज्ञान संकाय के अंतर्गत समाजशास्त्र विषय में हरीश कुमार चंद्राकर को



शीर्षक "बदलती परिस्थितियों में गोंड जनजाति की तत्वदृष्टि एवं जीवन दृष्टि का अध्ययन"अध्ययन करने पर पीएचडी उपाधि मिला। समाज शास्त्र के विद्वान शोध निर्देशक डॉ. अमरनाथ शर्मा प्राध्यापक शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी जिला दुर्ग एवं समाज शास्त्र की विदुषी सह-निर्देशिका डॉ. सुचित्रा शर्मा प्राध्यापक समाजशास्त्र शास. वि.या.ता.स्वशासी स्ना. महाविद्यालय दुर्ग के मार्गदर्शन में शोध कार्य पूर्ण किया। शोध कार्य को पूर्ण करने में अपने माता-पिता, परिवार, मित्रगण, गुरूजनों, कोंडागांव के डॉ. किरण नुरूटी प्राध्यापक समाज शास्त्र एवं अन्य प्राध्यापकगण, समाज शास्त्र के विद्यार्थी एवं उत्तरदाताओं ने भरपूर सहयोग किया।

### तुलसी साहित्य अकादमी की जिला इकाई गठित

**खैरागढ़।** जिले में साहित्यिक और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए तुलसी साहित्य अकादमी की



जिला इकाई का गठन किया गया। अकादमी के मुख्यालय भोपाल से प्राप्त अधिसूचना अनुरूप गठित इकाई मे संरक्षक का दायित्व क्षेत्र के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पीसी लाल यादव और डॉ.राजन यादव को दिया गया। जिला इकाई के अध्यक्ष पद पर डॉ प्रशांत झा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वही उपाध्यक्ष प्रख्यात लेखक व व्यंग्यकार विनयशरण सिंह, साहित्यकार अनुराग शांति तुरे, सचिव लोक साहित्यकार नत्थू तोड़े, सहसचिव लच्छूराम यादव और कोषाध्यक्ष के रूप में नीरज चंदेल को नियुक्त किया गया। संगठन सचिव के रूप में द्विजराम साहू व पीताम्बर सिंह ठाकुर को दायित्व सौंपा गया है। कार्यकारिणी सदस्यों में साहित्यसेवी व अधिवक्ताद्वय कमलाकांत पाण्डेय, टीके चंदेल, शिक्षाविद डॉ साधना अग्रवाल, डॉ मकसूद अहमद खान, जिवेंद्र ठाकुर, अनुज देवांगन, गिरधर सिंह राजपूत, दुष्यंत सारथी, सियाराम साहू व धर्मेंद्र जंघेल सहित अन्य सदस्यों को शामिल किया गया।

### शिक्षा रत्न सम्मानः जिले से 4 शिक्षक हुए सम्मानित

**खैरागढ़।** देश के सभी राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों से जुड़ा एकमात्र सबसे बड़ा स्व-प्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह के प्रदेश टीम द्वारा राष्ट्रीय



नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह शैक्षिक संप्रवाह का आयोजन राजधानी के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम शाला में किया गया। कार्यक्रम में पूरे प्रदेश के 160 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिसमें जिले से सहसपुर प्रशा प्रपा बलिराम वर्मा, बेलगॉव प्राशा प्रपा जया परिहार को लगातार नवाचार और श्रेष्ठ कार्यों द्वारा बच्चो के लिए किए जा रहे कार्य के लिए साथ ही समूह में सतत रूप से सहयोग प्रदान करने के लिए शिवांगी पशीने और गुनाराम चंदेल को नवोदय विद्यालय में प्रवेश के अथक प्रयासों की सफलता पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छग शिक्षा मंडल के उप सचिव डॉ बी रघु, समग्र शिक्षा उप संचालक एके सारस्वत, डीईओ रायपुर हिमांशु भारती, डीएमसी अरुण कुमार शर्मा, और सेजेस प्राचार्य सुचिता पांडेय उपस्थित थे जिन्होंने शिक्षकों का सम्मानित किया। सफल आयोजन के लिए समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी सहित जिला टीम से राज्य एडमिन सुनीता सिंह ठाकुर और जिला एडमिन राजेश कुमार प्रजापति सहित अन्य का सहयोग मिला।

### लिंग भेदभाव एवं यौन उत्पीड़न पर अतिथि व्याख्यान



**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन के शिक्षा विभाग द्वारा "लिंग भेदभाव एवं यौन उत्पीड़न" विषय पर एक महत्वपूर्ण अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लैंगिक समानता, अधिकारों तथा समाज एवं शैक्षणिक संस्थानों में यौन उत्पीड़न की रोकथाम के प्रति जागरूकता विकसित करना था। इस अवसर पर सोमनी महाविद्यालय राजनांदगांव की सहायक प्राध्यापक लिलेश्वरी साहू मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही। उन्होंने लिंग भेदभाव एवं यौन उत्पीड़न के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते इसके कारणों, स्वरूपों तथा दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने संबंधित कानूनी प्रावधानों, निवारण के उपायों एवं सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण बनाए रखने के महत्व को भी समझाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विषय से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे। जिनका समाधान अतिथि वक्ता द्वारा सरल एवं प्रभावी तरीके से किया गया। यह सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा।

# अनुमति बगैर पिपरिया का पौनी पसारी बना इतवारी बाजार में

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नाली सीसी रोड में स्थल परिवर्तन को लेकर शिकायत करने वाले जिम्मेदारों ने नवीन राज्य प्रवर्तित योजना तहत सरकार की महत्वपूर्ण योजना पौनी पसारी में ही बिना सक्षम अधिकारी से अनुमति लिए स्थल परिवर्तन कर लिया और तो और सामान्य सभा में पारित प्रस्ताव को भी पूरी तरह से दरकिनार कर दिया।

जानकारी अनुसार 2019/20 में राज्य प्रवर्तित मद से पौनी पसारी योजनांतर्गत स्थल चयन के लिए नपा में 30 सितंबर को आयोजित सामान्य सभा की बैठक में बकायदा निर्णय लिया गया कि पिपरिया वार्ड और ईतवारी बाजार वार्ड में पौनी पसारी योजना तहत निर्माण कार्य होगा और इसके लिए एसडीएम को भूमि आबंटन के लिए पत्र तैयार करने और शासन को विधिवत इसकी जानकारी देने संकल्प क्रमांक दस के साथ पारित प्रस्ताव भेजा जाएगा लेकिन आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि जिस जगह पिपरिया में स्थल चयन की प्रक्रिया ताम झाम से पूरी कर शासन को प्रस्ताव भेजा गया था उस वार्ड में कही किसी कोने में पौनी पसारी का अस्तित्व ही नही है।



### सड़क पर सज रहा पिपरिया वार्ड में बाजार

शासन और विभागीय निर्देशों की अवहेलना को लेकर बरेठ पारा वार्ड में नाली सीसी रोड को लेकर स्थल परिवर्तन नगर पालिका परिषद के लिए नई बात नही है। हर बार जिम्मेदारों ने अपनी सहूलियत को देखते हुए वाजिब हकदारों के हिस्से के विकास पर अपने हिसाब से डाका डाला है। पता चला है कि इसके लिए नियमानुसार विभाग से स्थल परिवर्तन को लेकर कागजी कारवाई करनी थी, लेकिन नपा के जिम्मेदारों ने इसे पूरी तरह से अनदेखा कर दिया और छै साल बीतने के बाद अब फाईल खुलने से इसकी जवाबदारी किसके मत्थे मड़ी जाए इसकी तैयारी मे लग गए है। इस स्थिति में देखा जाए तो नगर पालिका परिषद का बीते दो तीन सालों से लोगों की मूलभूत सुविधा की ओर से ध्यान भटककर येन केन प्रकारेण खरीदी, निर्माण में कमीशन केंद्र बना हुआ है।

### बकायदा संकल्प पारित कर किया गया था प्रस्ताव

संकल्प पारित कर प्रस्ताव भेजने के लगभग 25 महीने बाद पौनी पसारी को लेकर सितंबर 21 में निविदा प्रकाशन, टेंडर ओपन, दर स्वीकृति जैसी औपचारिकताए पूरी करने के बाद कार्य एजेंसी से फरवरी 22 में अनुबंध हुआ। तीन महीने में काम पूरा करने के बाद मूल्यांकन सत्यापन की प्रक्रिया बाद ईतवारी बाजार में निर्मित पौनी पसारी का पेमेंट भी टीडीएस व जीएसटी कटौती काटकर कार्य एजेंसी को दे दिया गया। ईतवारी बाजार में पौनी पसारी योजनांतर्गत निर्माण के साथ साथ पिपरिया वार्ड की भी प्रक्रिया पूरी करनी थी लेकिन जिम्मेदारों ने तो कुछ और ही सोच रखा था जिसके चलते पिपरिया मे बनने वाला पौनी पसारी कागजों में खो गया और ईतवारी बाजार में बन गया हालांकि इसके पहले सारी कागजी कारवाई में पिपरिया का ही उल्लेख होता रहा है। मार्च 22 को निविदा प्रकाशन के लिए आदेश जारी हुआ लेकिन विधानसभा निर्वाचन को लेकर आचार संहिता लागू होने के कारण टेंडर ओपन नही हो पाया। अप्रैल 22 मे टेंडर ओपन होने के बाद उसे निविदा समिति के समक्ष रखा गया पीआईसी में दर स्वीकृति के बाद जारी कार्यादेश और कार्य एजेंसी के साथ अनुबंध में स्पष्ट अंकित था कि पौनी पसारी योजना तहत बाजार निर्माण पिपरिया वार्ड में होना है, लेकिन विडंबना देखिए कि अब पौनी पसारी तहत हुआ निर्माण पिपरिया से चार किमी दूर ईतवारी बाजार मे नजर आ रहा है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में खनिज न्यास परिषद की बैठक

# डीएमएफ से विकास कामों के लिए अब 5 साल का बनेगा एक्शन प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) शासी परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद संतोष पांडे, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन तथा जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में नवीन प्रावधानों के अनुरूप डीएमएफ के कार्यों की समीक्षा करते आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

सांसद श्री पांडे ने कहा कि जिला खनिज न्यास समिति के माध्यम से जनप्रतिनिधि एवं नामांकित सदस्य मिलकर जिले के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लेते हैं। उन्होंने कहा कि शासन के प्रावधानों के अनुसार शिक्षा, पेयजल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में कार्य करना अनिवार्य है तथा खनन प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ विकास कार्य सुनिश्चित किए जाने चाहिए।



**समग्र विकास को प्राथमिकता :** डीएमएफ निधि के उपयोग में पारदर्शिता सुनिश्चित करते ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं एवं सुझावों से अवगत कराया गया, जिस पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

### बुनियादी सुविधाओं के लिए सत्तर फीसदी राशि

कलेक्टर ने बताया कि खनन से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हितग्राहियों के लिए हितग्राही मूलक योजनाओं को भी डीएमएफ से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। खनन क्षेत्र से 15 किमी तक के क्षेत्र को प्रत्यक्ष प्रभावित तथा 25 किमी तक के क्षेत्र को अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है। इसी आधार पर जिले के प्रभावित ग्रामों की सूची तैयार कर अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की गई। उन्होंने कहा कि डीएमएफ निधि का 70 प्रतिशत हिस्सा उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं कौशल विकास पर व्यय किया जाएगा तथा शेष राशि अन्य आवश्यक अधोसंरचनात्मक कार्यों पर खर्च की जाएगी।

### सेक्टरवार वार्षिक कार्ययोजना

कलेक्टर ने बताया कि नवीन नियमों के अनुसार डीएमएफ अंतर्गत पंचवर्षीय कार्ययोजना तैयार करना अनिवार्य किया गया है। जिसके तहत आगामी पांच वर्षों के लिए विकास कार्यों की रूपरेखा निर्धारित की जाएगी। साथ ही वार्षिक कार्ययोजना को सेक्टरवार तैयार किया जा रहा है, ताकि आवश्यकता अनुसार कार्यों को चरणबद्ध रूप से स्वीकृति दी जा सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में सीमित राशि उपलब्ध होने के कारण संसाधनों का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। विशेष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनबाड़ी, महिला एवं बाल विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा कौशल विकास जैसे उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में कार्य किए जाएंगे। इसके साथ ही अधोसंरचना, सिंचाई एवं अन्य आवश्यक कार्यों को भी नियमानुसार शामिल किया जाएगा।

# बाइक में शराब ले जाते गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बाइक में अवैध रूप से शराब ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 50 पौवा देशी शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 26 अप्रैल को थाना ठेलकाडीह पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटर साइकिल सुपर स्प्लेंडर से अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब काले रंग के बैग में रखकर ग्राम मोहारा से विचारपुर की ओर परिवहन कर रहा है।

### 50 पौवा देशी शराब बरामद

सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा ग्राम विचारपुर बाजार चौक के पास नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका गया। वाहन चालक से पूछताछ पर उसने अपना नाम आशीष कुमार वर्मा बताया। उसके कब्जे से मिले काले रंग के बैग की तलाशी लेने पर 50 पौवा शोले प्लेन देशी मदिरा कीमत लगभग 4000 रुपए बरामद की गई।आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर 27 अप्रैल को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# स्ट्रीट फूड वेंडरों की जांच पंद्रह दिवसीय अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गर्मी के मौसम में लोगों की सेहत को देखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा 15 दिवसीय जांच पड़ताल अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के पहले दिन शहर के रानीसागर चौपाटी क्षेत्र में विभाग की टीम द्वारा सड़क किनारे चाट-पकौड़े, पेयपदार्थ एवं अन्य खाद्य वस्तुओं के ठेले -खोमचों पर जाकर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता परखी।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने स्ट्रीट वेंडरों द्वारा उपयोग में लाए जा रहे फूड कलर और अन्य खाद्य सामग्रियों को लेकर इसके गुणवत्ता के संबंध में हिदायत दी। वहीं वेंडर द्वारा हेयर कव्हर का उपयोग नहीं करने पर हेयर कव्हर लगाकर व्यापार करने कहा गया। इस अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कुछ ठेले-खोमचों में खाद्य पदार्थों को सुरक्षित तरीके से रखना नहीं पाए जाने पर उन्हें हिदायत देकर छोड़ा है। वहीं आगे से इस तरह से खाद्य सामग्रियों को नहीं रखने समझाईश भी दी है। वहीं रानीसागर चौपाटी क्षेत्र में अचानक पहुंची खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा ठेले- खोमचों

### सैंपल लेकर जांच

खाद एवं औषधि प्रशासन विभाग के अभिहित अधिकारी तरूण बिरला ने बताया कि यह 15 दिवसीय अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत जनजागरूकता फैलाया जा रहा है। वहीं जहां ज्यादा समस्या दिखाई दे रही है, वहां फूड सैंपल भी लिया जा रहा है। इसके अलावा जहां अनहाइजीनिक तरीके से कार्य दिख रहा है, उन्हें नोटिस भी दी जा रही है।

# सड़क हादसे मामले में मौत का आंकड़ा पहुंचा तीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

रविवार सुबह राजनांदगांव पारीनाला से उर्स कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे मुस्लिम समुदाय के मानपुर-दल्लीराजहरा नेशनल हाईवे-930 पर खड़गांव थाना क्षेत्र के बीटेझर और पैंदुर गांव के बीच हुए सड़क हादसे में मौत का आंकड़ा अब तीन हो गया है। इलाज के दौरान 17 वर्षीय किशोरी ने दम तोड़ दिया है।

इधर आज सुबह फिर से राजनांदगांव के लखोली निवासी साहू परिवार कांकेर बस्तर जिले के दमकसा सिलपट से शादी समारोह से राजनांदगांव लौटने के दौरान कमकासुर नेशनल हाईवे में अर्टिगा वाहन हादसे का शिकार हो गया। इस सड़क दुर्घटना में दो महिलाओं की स्थिति नाजुक बनी हुई है, जिन्हें राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है।

बताया गया कि राजनांदगांव श्रीराम हॉस्पिटल, महोबे तथा मेडिकल कॉलेज में घायलों का इलाज चल रहा है। इसी दौरान रविवार रात 8 बजे के लगभग 17 वर्षीय अलीशा बानो पारसघाट निवासी इलाज के दौरान जिंदगी की जंग हार गई। इस हादसे के बाद क्षेत्र और जिले में जहां मातम पसरा हुआ है। वहीं सोमवार सुबह 9 बजे के लगभग एक और सड़क हादसा सामने आया। जिसमें राजनांदगांव लखोली निवासी साहू परिवार को लेकर बस्तर शादी समारोह से लौट रही तेज रफ्तार आर्टिगा वाहन नेशनल हाईवे में कई राउंड पलट गई। इस हादसे में दो महिला गंभीर है, जिन्हें राजनांदगांव रेफर किया गया है।



### दो महिला की स्थिति गंभीर

अर्टिगा में सवार साहू परिवार की रूपा साहू 27 वर्ष व सपना साहू 28 वर्ष की स्थिति नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर से मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के लिए रेफर किया गया है।

### जान बचाने दो थानेदारों ने झोंकी ताकत

राजनांदगांव लखोली के साहू परिवार के अर्टिगा वाहन में तीन महिला, चार पुरूष व दो बच्चे सवार थे, जिस वक्त नेशनल हाईवे में अर्टिगा वाहन पलटी, उस वक्त मानपुर थाना प्रभारी बृजेश सिन्हा, औंधी थाना प्रभारी सतीश साहू राजनांदगांव आईजी कार्यालय बैठक के लिए निकले हुए थे। हादसे में घायलों के चीख-पुकार के बीच दोनों थानेदारों ने स्वत घटनास्थल पर घायलों को उठाकर तत्काल निजी वाहन, 112 की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### शराब के नशे में धुत था ड्राइवर

खड़गांव थाना प्रभारी संजय यादव ने हरिभूमि को जानकारी देते बताया कि राजनांदगांव लखोली निवासी साहू परिवार अर्टिगा गाड़ी में सवार होकर कांकेर जिले के दमकसा सिलपट गांव में शादी समारोह में शामिल होने गए हुए थे। वापसी के दौरान खड़गांव थाना क्षेत्र के कामकसूर गांव के करीब तेज रफ्तार अर्टिगा वाहन नेशनल हाईवे-930 में पलट गई। हादसा इतना भयावह था कि कार के परखच्चे उड़ गए। सड़क में कई राउंड गाड़ी पलटती रही। हादसे की वजह ड्राइवर के नशे में होने का कारण बताया जा रहा है।

# गौ माता को राज्य माता का मिले दर्जा शहर में उपवास प्रदर्शन कर रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गौ माता को राजमाता का दर्जा दिलाने के उद्देश्य से शहर के कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने शिवसेना के कार्यकर्ता और गौ सेवकों द्वारा उपवास धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया।



गौ माता की रक्षा एवं सम्मान को लेकर शिवसेना द्वारा प्रदेशभर में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जा रहा है। इसी कड़ी में शिवसेना प्रदेश सचिव कमल सोनी के नेतृत्व में उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि 3 जुलाई 2025 से हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गौ माता को राजमाता का दर्जा देने के लिए शासन ने अब तक कोई पहल नहीं की है। इस मांग को लेकर आज एक दिवसीय उपवास का आयोजन किया गया है। यह उपवास गौ माता के प्रति हमारी आस्था है। बड़ी संख्या में एकत्रित हुए शिवसेना के कार्यकर्ताओं द्वारा उपवास धरना कर गौ माता की रक्षा हेतु संकल्प प्रकट किया गया। उपवास के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों की गंभीरता को दर्शाते शासन-प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। इस दौरान शिवसेना दुर्ग संभाग प्रमुख राकेश श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष आकाश सोनी, दिनेश ताम्रकार, मुकेश साहू, शिवशंकर गौर, कुंदन सोनी, पवन सोनी, ज्ञानचंद लोढा, संजय यादव, नीलकंठ यादव, गोविंद साहू, दुलेचंद साहू, संजय यदु, गोविंद चंद्राकर, छोटू साहू, धनेश साहू, हरेंद्र मालेकर, टोमन सोनकर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं शिवसैनिक उपवास में शामिल रहे। प्रदर्शन के माध्यम से कहा गया कि प्रदेश में लगातार गौ तस्करी एवं गौ हत्या की घटनाएं बढ़ रही है। जिससे आम जनता की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही है। उन्होंने शासन से मांग की कि गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। धरना प्रदर्शन के दौरान शिवसेना और गौ सेवकों ने गौ माता को राजमाता का दर्जा दिलाने, गौ हत्या पूर्ण रूप से बंद करने और गौ तस्करी में लिप्त वाहनों को राजसात करने की मांग रखी है।

### अभियान की सौंपी प्रतियां

शिवसेना के पदाधिकारियों ने पिंजरापोल गौशाला में गौ माता की पूजा-अर्चना के बाद कलेक्टोरेट के सामने एक दिवसीय उपवास धरना का आयोजन कर जिलाधीश को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के साथ शिवसेना के प्रतिनिधि मंडल ने गौ रक्षा हस्ताक्षर अभियान के तहत आमजन से कराए गए हस्ताक्षरयुक्त प्रतियां भी सौंपी।

मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन

# कवि-साहित्यकारों ने रचनाओं का किया पाठ




**राजनांदगांव।** लोक तिहार अक्ती (अक्षय तृतीया) प्रसंग पर कवयित्री रेशमी साहू के रिद्धी-सिद्धी कालोनी स्थित उनके निवास में छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति का मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कवि /साहित्यकारों ने एक से बढ़कर एक रचनाओं का पाठ किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि आत्माराम कोशा अमात्य ने की। विशेष अतिथि पद्मलोचन शर्मा, साहित्य समिति की उपाध्यक्ष कवयित्री सुषमा शुक्ला, हास्य व्यंग्य के कवि विरेंद्र तिवारी शामिल हुए।

कवयित्री रेशमी साहू ने बेटी जन्म की महत्ता का गान किया। अध्यक्षता करते वरिष्ठ कवि आत्माराम कोशा ने गांव के मौसम को प्यारा बताते वहां के लोगों की सद्भावना को अपनी काव्य पंक्तियों में उकेरकर वाहवाही लूटी। ग्राम्य कवि आनंदराम सार्वा ने छत्तीसगढ़ महतारी का गुनगान किया। कलाधर्मी पप्पू पौर्वात्य कलिहारी ने कविता का पाठ किया। कथाकार मानसिंह ने अपने विचार रखे। काव्य गोष्ठी का संचालन मेजबान कवि थंगेश्वर कुमार साहू ने किया।

कवयित्री सुषमा शुक्ला ने पिता को मान-सम्मान व अभिमान का प्रतीक बताते मोबाइल नहीं होने से जीवन में पुर-सुकुन रहने की बात कही। विशेष अतिथि कवि अखिलेश्वर ने अपना जीवन मौसम जैसा कहते इसे जीवन की चार अवस्थाओ से जोड़ा। कवयित्री रितिका साहू, डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने भी अपने विचार रखे। अंत में व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू को सम्मानित करते उन्हें बधाई दी गई।




## -: आवश्यकता है :-

| क्र. | स्थान | पद का नाम | पद संख्या | क्र. | स्थान | पद का नाम | पद संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गंडई | सेल्समैन | 05 | 6. | खैरागढ़ | मैकेनिक | 08 |
| 2. | गंडई | मैकेनिक | 02 | 7. | खैरागढ़ | टेली कॉलर | 01 |
| 3. | साल्हेवारा | सेल्समैन | 05 | 8. | छुईखदान | सेल्स मैनेजर | 01 |
| 4. | साल्हेवारा | मैकेनिक | 02 | 9 | छुईखदान | सेल्समैन | 05 |
| 5. | खैरागढ़ | सेल्समैन | 10 | 10. | छुईखदान | मैकेनिक | 03 |

**साक्षात्कार : दिनांक 28 अप्रैल से 4 मई, समय-दोपहर 12 से 3 बजे तक, स्थान - सोनेसरार खैरागढ़**

**अपना बायोटाडा वाट्सएप करें - 9754731999 फिल्ड कार्य के लिए मोटर साईकिल अनिवार्य है।**

मेला... मेला...

# सेकण्ड हैण्ड ट्रैक्टर मेला

ट्रेक्टर मालिक बनने का सुनहरा अवसर

**मूल्य 1 लाख से शुरू**



**विभिन्न कंपनियों के 2000 से 2025 तक के मॉडल लोन सुविधा के साथ**

सभी कंपनियों के ट्रेक्टर अच्छी कंडीशन में उपलब्ध

नियम व शर्तें लागू*

अधिकृत विक्रेता : महिंद्रा ट्रेक्टर

# बरडिया एग्रीकल्चर

सोनेसरार, खैरागढ़, जिला - खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.), मो. 9754731999, 9907938368

**दुर्घटना: अज्ञात कारणों से लगी आग, कृषि उपकरण और अन्य सामान खाक**

# नवापारा में भीषण आग, 2 गायों की मौत, व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत ग्राम नवापारा में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां एक कोठे में अचानक आग लगने से दो गायों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गाय गंभीर रूप से झुलस गई। आग इतनी तेजी से फैली कि मौके पर मौजूद ग्रामीणों को संभलने का मौका तक नहीं मिला और देखते ही देखते पूरा कोठा आग की लपटों में घिर गया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नवापारा निवासी अमरनाथ चंद्राकर के कोठे में दोपहर के समय अचानक आग भड़क उठी। उस समय कोठे में तीन गायें बंधी हुई थीं। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि ग्रामीण चाहकर भी समय रहते जानवरों को बाहर नहीं निकाल सके। इस दुखद घटना में दो गायों की जलकर मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गाय को गंभीर हालत में बाहर निकाला गया। इसके साथ ही कोठे में रखे कृषि उपकरण और अन्य सामान भी पूरी तरह जलकर खाक हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को कॉल किया, लेकिन आरोप है कि समय पर सहायता नहीं पहुंची। ग्रामीणों का कहना है कि फायर ब्रिगेड को फोन करने पर हर बार कोई न कोई बहाना बना दिया जाता है कभी दूरी का हवाला दिया जाता है तो कभी गाड़ी खराब होने की बात कही जाती है। इस बार भी समय पर दमकल नहीं पहुंचने के कारण नुकसान और अधिक बढ़ गया।



**शासन प्रशासन से की मांग**

इस घटना के बाद ग्रामीणों ने एक बार फिर प्रशासन से कुण्डा क्षेत्र में स्थायी फायर ब्रिगेड केंद्र स्थापित करने की मांग गई है। समय पर सहायता नहीं मिलने से हर बार नुकसान बढ़ता जा रहा है। यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले समय में और भी बड़े हादसे हो सकते हैं।

**क्षेत्र में बढ़ रही आगजनी की घटनाएं**

गौरतलब है कि कुण्डा क्षेत्र में बीते ढाई महीनों के दौरान आगजनी की घटनाओं में लगातार वृद्धि देखी गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में छोटी-छोटी लापरवाहियां या गर्मी के कारण आग तेजी से फैल जाती है, जिससे भारी नुकसान हो रहा है। आंकड़ों के अनुसार पिछले कुछ समय में दो से अधिक बड़े हादसे सामने आ चुके हैं, जिनमें किसानों और ग्रामीणों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है।

ग्रामीणों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि क्षेत्र में कई सरकारी योजनाएं निःशुल्क चलाई जा रही हैं, लेकिन कुण्डा क्षेत्र के लिए अब तक स्थायी फायर ब्रिगेड की व्यवस्था नहीं की गई है। यदि समय पर दमकल पहुंच जाती तो शायद जानवरों को बचाया जा सकता था और नुकसान भी कम होता।

# सड़क निर्माण के औचक निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर, परखी गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में चल रहे निर्माण कार्यो को समय-सीमा के साथ गुणवत्ता में पूरे करने के निर्देश निर्माण एजेंसीज को दिए गए हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर गोपाल वर्मा सोमवार को पिपरिया से गांगपुर तक बन रहे सड़क के औचक जांच में पहुंचे। यहां उन्होंने न केवल निर्माण कार्य देखा बल्कि मौके पर सड़क की कटिंग करवा कर मटेरियल की क्वालिटी और मात्रा की जांच भी करवाई। यह सड़क लोक निर्माण विभाग द्वारा बनवाई जा रही है।



कार्यपालन अभियंता ने बताया कि सड़क निर्माण में अभी डामर की लेयर बिछाई गई है। जिसके बाद कॉम्पैक्शन किया जाना है। कलेक्टर ने ठेकेदार और इंजीनियर से कहा कि सड़क निर्माण का काम गुणवत्ता और तय मापदंड के अनुसार होना चाहिए। निर्माण कार्य में निर्धारित मात्रा में मटेरियल का उपयोग अनिवार्य रूप से होना चाहिए। विभागीय इंजीनियर को नियमित रूप से इसकी मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुए कहा कि लापरवाही पर ठेकदार के साथ विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क के बीच और शोल्डर के पास सैंपल कटिंग करवाकर डामर की मोटाई नपवाई। इसके साथ ही सैंपल में बिटुमिन कंटेंट की जांच के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम चेतन साहू, डिप्टी कलेक्टर आर बी देवांगन, ईई पीडब्ल्यूडी रंजीत घाटगे सहित विभागीय अधिकारी पदाधिकारी गण उपस्थित थें।

## मई को नेशनल लोक अदालत, वर्चुअल हुई मीटिंग

**कवर्धा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार 09 मई 2026 को छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका न्यायालय के स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजित किया जाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किये जाएंगे। प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम कु. संघरत्ना भतपहरी द्वारा आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए बीमा कम्पनी के समस्त अधिकारीगणों के साथ वुर्चअल मोड पर मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित बीमा कम्पनी के अधिकारीगणों को आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रसारित किया गया।

# सत्संग व्यक्ति के जीवन को बदल देता है: पं. प्रशांत शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस कथा व्यास आचार्य पं प्रशांत शर्मा ने श्रद्धालुओं को बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं होती।

उन्होंने बताया कि भक्ति का संस्कार बचपन से ही देना चाहिए, क्योंकि बचपन कच्ची मिट्टी की तरह होता है, जिसे जैसा चाहे वैसा आकार दिया जा सकता है। कथा के दौरान महाराज ने जड़ भरत प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि व्यक्ति को कभी भी अत्यधिक आसक्ति नहीं करनी चाहिए। भरत जी की हिरण के प्रति आसक्ति के कारण उन्हें अगले जन्म में हिरण योनि प्राप्त हुई। उन्होंने अजामिल उपाख्यान के माध्यम से समझाया कि पापों से मुक्ति के लिए श्रीमद् भागवत में प्रायश्चित को श्रेष्ठ उपाय बताया गया है।

वहीं प्रह्लाद चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान का सच्चा विश्वास ही उनकी प्राप्ति का मार्ग है। भगवान नरसिंह का खंभे से प्रकट होना इस बात का प्रमाण है कि जहां अटूट श्रद्धा होती है, वहां भगवान स्वयं प्रकट होते हैं। कथा में कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम के आयोजक राम साहू, हुलास साहू, नरेश साहू एवं समस्त साहू परिवार का सहयोग से आयोजित की जा रही है। वहीं ग्राम कोलेगांव सहित क्षेत्र के श्रद्धालु उत्साहपूर्वक कथा में शामिल होकर धर्म लाभ ले रहे हैं

**जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा का त्याग करें**

पं प्रशांत शर्मा ने कहा कि सत्संग में वह शक्ति होती है जो व्यक्ति के जीवन को पूर्ण रूप से बदल सकती है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा और संग्रह जैसी बुराइयों का त्याग कर विवेकपूर्वक श्रेष्ठ कर्म करें।

## 1 मई से 10 जून तक लगेंगे सुशासन शिविर

**हरिभूमि/कवर्धा।** जिले में 01 मई से 10 जून तक सुशासन शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के वार्डो के क्लसटर बनाते हुए आयोजित किए जाएंगे। शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजन किया जाएगा। सुशासन तिहार 2026 के तहत भूमि संबंधित प्रकरण जैसे-नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, का त्वरित निराकरण किया जाएगा। मनरेगा अंतर्गत लंबित मजदूरी भुगतान का शीघ्र निपटान, विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के लंबित भुगतान एवं प्रकरणों का निराकरण, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र जारी करने संबंधित लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन, बिजली ट्रांसफार्मर संबंधित विषय, हैण्डपंप सुधार, पात्रता अनुसार विभिन्न योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना जैसे उज्जवला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत, वृद्धावस्था, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। आवेदक शिविर में समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन दे सकते है।सुशासन तिहार के लिए जारी शेड्यूल के अनुसार 01 मई को वीर सावरकर भवन कवर्धा, 04 मई को झलमला (बोड़ला), 05 मई को चारभांठा, 06 मई को अमनिया, 07 मई को बम्हनी, चिल्फी, 08 मई सामुदायिक भवन पंडरिया, 11 मई को उसरवाही, 12 मई को बिरनपुर, 13 मई को रणवीरपुर, 14 मई को घुटुरकुण्डी, 15 मई को तरेगांव जंगल, 18 मई को मक्के, 19 मई को सहसपुर लोहारा, 20 मई को खैरझिटी पुराना, 21 मई को इंदौरी, 22 मई को खडौदाकला, 25 मई को गांगपुर, 26 मई को सेन्हाभठा, पंडरिया, 28 मई को जेवडनखुर्द, 29 मई को मिनमिनिया मैदान, सर्व मांगलिक भवन वार्ड 07 बोड़ला, 01 जून को सिंघनपुरी जंगल, 02 जून को अंधियारखोर, 03 जून को खैरबनाकला, 04 जून को नगर पंचायत पाण्डातराई, 05 जून को सर्व मांगलिक भवन बोड़ला, 08 जून को दामापुर, 09 जून को गेगड़ा और 10 जून को सर्व मांगलिक भवन वार्ड 15 पिपरिया में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# कवर्धा कृषि आदान व्यापारियों की देशव्यापी एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल, विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

- करीब 300 कृषि केंद्र और दवाई दुकानें बंद रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विभिन्न लंबित मांगों के निराकरण को लेकर देशभर के कृषि आदान व्यापारी सोमवार को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर रहे। इस दौरान कवर्धा जिले में भी व्यापक असर देखने को मिला, जहां करीब 300 कृषि केंद्र और दवाई दुकानें बंद रहीं।

जिले के 70 से 80 व्यापारी कवर्धा पहुंचकर धरना प्रदर्शन में शामिल हुए और बाद में प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। साथ ही उप संचालक कृषि कबीरधाम को भी ज्ञापन दिया गया। जिला एग्री यूनियन संघ के अध्यक्ष भूखन साहू ने बताया कि एग्रि इनपुट यूनियन, नई दिल्ली देशभर के खाद, बीज और कीटनाशक विक्रेताओं का पंजीकृत संगठन है, जो लगभग 5 लाख व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करता है।



उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक से व्यापारी कई समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन बार-बार निवेदन के बावजूद समाधान नहीं हो सका है। संघ की प्रमुख मांगों में खाद पर जबरन लिंकिंग पर पूर्ण प्रतिबंध, उर्वरकों की एफओआर आपूर्ति सुनिश्चित करना, डीलर मार्जिन बढ़ाकर न्यूनतम 8 प्रतिशत करना तथा साथी पोर्टल को ग्रामीण विक्रेताओं के लिए वैकल्पिक बनाना शामिल है। इसके अलावा सीलबंद पैकिंग में नमूना फेल होने पर विक्रेता को आरोपी के बजाय साक्षी का दर्जा देने, नए बीज अधिनियम एवं कीटनाशक विधेयक-2025 में संशोधन, हर वर्ष प्रिंसिपल सर्टिफिकेट जोड़ने की अनिवार्यता समाप्त करने और दोहरी लाइसेंस व्यवस्था खत्म करने की भी मांग उठाई गई है।

**उर्वरक, रसायन मंत्रालय व कृषि मंत्रालय के माध्यम से समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने की मांग**

व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि एक माह के भीतर मांगों का समाधान नहीं हुआ, तो खरीफ सीजन से पहले अनिश्चितकालीन बंद का निर्णय लिया जाएगा। इससे कृषि कार्य प्रभावित होने और किसानों को परेशानी बढ़ने की आशंका जताई गई है। व्यापारियों ने केंद्र सरकार से शीघ्र हस्तक्षेप कर उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय तथा कृषि मंत्रालय के माध्यम से समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने की मांग की है। इस दौरान जिले के कई व्यापारी उपस्थित रहे और आंदोलन को समर्थन दिया।

## सहायक के पद पर भर्ती के लिए दावा आपत्ति आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला कबीरधाम अंतर्गत लेखा सह एमआईएस सहायक के रिक्त संविदा पद पर भर्ती के लिए विज्ञापन प्रकाशित करते हुए वांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से 17 अप्रैल को सायं 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों का जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा नाम, पता, उम्र, शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव आदि का सूक्ष्म परीक्षण एवं निरीक्षण उपरांत पात्र एवं अपात्र सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। इसमें अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता, अनुभव नही होने, पूर्ण दस्तावेज संलग्न नही करने एवं वांछित जाति वर्ग के नही होने के कारण अपात्र किए गए हैं।

# पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को मिलेगी राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत भगतपुर के यादव मोहल्ला में पेयजल समस्या के समाधान हेतु बड़ी पहल की गई है। जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 04 की श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे ने अपने मद से बोर खनन के लिए 1 लाख 50 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि यादव मोहल्ला लंबे समय से पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहा था। गर्मी के मौसम में स्थिति और भी विकट हो गई थी, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सदस्य ने तत्काल बोर खनन की स्वीकृति प्रदान की।

इस निर्णय से पूरे गांव में खुशी का माहौल है। ग्राम पंचायत भगतपुर के सरपंच कपिल चंद्राकर एवं समस्त ग्रामवासियों ने श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे के प्रति आभार व्यक्त किया। सरपंच कपिल चंद्राकर ने कहा इस सहयोग से गांव की सबसे बड़ी समस्या का समाधान होगा। ग्रामीणों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब गर्मी के दिनों में पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और उन्हें बड़ी राहत मिलेगी।

# नारीं शक्ति वंदन अधिनियम गिरा, निंदा प्रस्ताव पारित

- 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रयास का समर्थन करते हुए इसके विरोध पर आपत्ति दर्ज की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला पंचायत कबीरधाम की सामान्य सभा में महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखने के मुद्दे पर निंदा प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। प्रस्ताव में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रयास का समर्थन करते हुए इसके विरोध पर आपत्ति दर्ज की गई।



जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए कहा कि देश की आधी आबादी को राजनीतिक भागीदारी में सशक्त करने के उद्देश्य से संविधान संशोधन विधेयक लाया गया था। यह कदम महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने इस पहल का विरोध कर महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को बाधित किया। सभा में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने इस विषय पर सहमति जताते हुए प्रस्ताव का समर्थन किया।

उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी सहित सदस्य दीपा पप्पू धुर्वे, रामकुमार भट्ट, राजेश्वरी धृतलहरे, पूर्णिमा मनीराम साहू, ललिता रूपसिंह धुर्वे, राजकुमार मेरावी, विरेन्द्र कुमार साहू, जनपद पंचायत कवर्धा की अध्यक्ष सुषमा गनपत बघेल, पंडरिया की अध्यक्ष नंदनी राजकुमार साहू तथा विधायक प्रतिनिधि भूखन साहू ने प्रस्ताव के पक्ष में मत व्यक्त किया। सभा में कहा गया कि महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में पर्याप्त प्रतिनिधित्व देना समय की आवश्यकता है और इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों को समर्थन मिलना चाहिए।

**जेवडन खुर्द का आश्रित गांव भीषण जल संकट से जूझ रहा**

# पानी के लिए तरस रहे बांझीमौहा के निवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 11 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम बांझीमौहा जो विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत जेवडन खुर्द का आश्रित गांव है, इन दिनों भीषण जल संकट से जूझ रहा है। गर्मी के मौसम में यहां के ग्रामीणों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

गांव के सभी हैंडपंप खराब होकर बंद पड़े हुए हैं, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई है। वहीं जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई पानी टंकी भी शोपीस बनकर रह गई है। टंकी होने के बावजूद घर-घर तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। करीब 1000 से अधिक जनसंख्या वाले इस गांव में महिला और पुरुष पानी के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें खेत-खलिहानों में लगे निजी बोर से पानी लाकर किसी तरह गुजारा करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द खराब हैंडपंपों की मरम्मत कराई जाए और जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनी पानी टंकी को चालू कर घर-घर पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि इस भीषण गर्मी में उन्हें राहत मिल सके।



**पानी टंकी व हैंडपंप सिर्फ और सिर्फ शोपीस**

क्षेत्र में इन दिनों ग्रामीण पानी की समस्या से जूझ रहे है। गर्मी की दस्तक के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या विकराल होती जा रही है। नलजल योजना के कनेक्शन और हैंडपंप शो पीस बनकर रह गए हैं। वहीं पेयजल संकट गहराने लगा है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जिले में पराली जलाने पर पूर्णतः प्रतिबंध

**कवर्धा।** जिला कबीरधाम के कृषि विभाग ने समस्त कृषक बंधुओं से खेतों में पराली (फसल अवशेष) न जलाने की अपील की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि फसल कटाई के बाद पराली जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित है और यह पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। विभागीय जानकारी के अनुसार पराली जलाने से वायु प्रदूषण में वृद्धि होती है, मृदा की उर्वरता घटती है तथा खेतों में मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं। इसके अलावा आग लगने की घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। इन दुष्प्रभावों को देखते हुए किसानों से इस प्रथा को पूरी तरह त्यागने का आग्रह किया गया है। कृषि विभाग ने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के वैज्ञानिक विकल्प अपनाने की सलाह दी है। इसके तहत हैप्पी सीडर एवं सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम जैसे कृषि यंत्रों का उपयोग, अवशेषों से कम्पोस्ट या वर्मी कम्पोस्ट बनाना, मल्चिंग करना तथा पशु आहार के रूप में उपयोग करना शामिल है। साथ ही विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में उपलब्ध सब्सिडी का लाभ उठाने को भी कहा गया है।

### 31 मई तक ले सकते है योजना का लाभ

**कवर्धा।** प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना कबीरधाम जिले के आम नागरिकों, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों और किसानों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। इस योजना के तहत कबीरधाम जिले के कुल 13 हजार 868 उपभोक्ताओं को लाभ मिला है, जिन्हें अब तक 11 करोड़ 75 लाख 38 हजार 570 रुपये की छूट प्रदान की जा चुकी है। यह योजना बीपीएल, निम्नदाब घरेलू एवं कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए शुरू की गई है, ताकि वे अपने पुराने बकाया बिजली बिलों के बोझ से मुक्त हो सकें। योजना के अंतर्गत सक्रिय और निष्क्रिय दोनों प्रकार के उपभोक्ताओं को शामिल किया गया है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।

### खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता रजत पदक

**कवर्धा।** मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण जब एक साथ मिलते हैं, तो सफलता खुद कदम चूमती है। ऐसा ही गौरवपूर्ण क्षण तब देखने को मिला जब अशोका पब्लिक स्कूल के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय मंच पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से कबीरधाम जिले का नाम रोशन किया है। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 69 वीं शालेय राष्ट्रीय बेसबॉल मिनी एवं सॉफ्टबॉल मिनी बालक/बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन गत दिनो दिल्ली में किया गया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अशोका पब्लिक स्कूल के छात्र तान्या सिन्हा और दीक्षांत यादव का चयन बेसबॉल मिनी वर्ग में तथा गुनिस्का जांगड़े का चयन सॉफ्टबॉल मिनी वर्ग में हुआ। वहीं विद्यालय के खेल शिक्षक राजा जोशी को टीम का कोच नियुक्त किया गया। प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ टीम ने बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में रजत पदक हासिल किया। इस उपलब्धि में विद्यालय के छात्र दीक्षांत यादव और तान्या सिन्हा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

# सड़क चौड़ीकरण के मद्देनजर अतिक्रमण पर चला प्रशासनिक बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक अभियान शुरू कर दिया है।

नगर पालिका और जिला प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई के तहत अंबेडकर चौक से सकरी नदी पुल तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। लंबे समय से संकरे मार्ग और बढ़ते यातायात दबाव के कारण इस इलाके में जाम की समस्या आम हो गई थी, जिसे देखते हुए यह कदम उठाया गया है। नगर पालिका के अधिकारियों के अनुसार, सड़क किनारे किए गए अस्थायी और स्थायी अतिक्रमण को हटाया जा रहा है, ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए।

इस परियोजना के लिए पहले ही लगभग ढाई करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है और भूमि पूजन भी किया जा चुका है।

बताया जा रहा है कि कुछ स्थानीय विरोध के चलते कार्य में पहले देरी हुई थी, लेकिन अब प्रशासन ने सख्ती बढ़ाते हुए कार्रवाई तेज कर दी है।

## अंबेडकर चौक से सकरी नदी पुल तक सड़क चौड़ीकरण के कार्य में आई तेजी

### प्रशासन ने कहा, नियमानुसार की जा रही है कार्रवाई

कवर्धा नगर पालिका और कवर्धा जिला प्रशासन की तरफ से कहा गया है कि अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई नियम के अनुसार की जा रही है। अतिक्रमण को लेकर प्रभावित लोगों को पहले ही सूचना दी जा चुकी है। सड़क चौड़ीकरण कार्य पूरी होने के बाद इस मार्ग पर यातायात सुगम होगा, जाम की समस्या से राहत मिलेगी और आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। नगर पालिका ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए शहर के विकास कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही है।



### अप्रिय स्थिति से निपटने पुलिस बल किया तैनात

अभियान के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया है। प्रशासन का कहना है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी तरह नियमों के तहत की जा रही है और प्रभावित लोगों को पूर्व सूचना दी जा चुकी है। अधिकारियों ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि सड़क चौड़ीकरण पूरा होने के बाद इस मार्ग पर यातायात अधिक सुगम होगा और लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

## अनदेखी: नगर पंचायत पाण्डातराई में 2 करोड़ 94 लाख रूपए से निर्मित पेयजल व्यवस्था

# लोकार्पण के नौ साल बाद भी नहीं मिल रहा लोगों को जलप्रदाय योजना का लाभ

पुष्कर लंहगीर ⏭ पाण्डातराई

दो करोड़ 94 लाख रूपए की राशि भी खर्च हो गई, पानी की टंकी भी बन गई, पाईप लाईन भी बिछा दी गई है। इतना ही नहीं तात्कालिक मुख्यमंत्री ने आनन फानन में निर्माण कार्य का लोकार्पण भी कर दिया। लेकिन इसे भर्राशाही की हद ही कहें कि लोकार्पण के नौ साल बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य की सार्थकता अभी तक पूरी नहीं हो पाई है। क्योंकि अभी तक पाण्डातराई आवर्धन जलप्रदाय योजना अंतर्गत निर्मित उच्च स्तरीय जलागार निर्माण से लोगों के घरों में पानी पहुंच ही नहीं पा रहा है।


हैरानी की बात यह है कि भीषण गर्मी और जलसंकट के इस दौर में कार्य ऐजेंसी पीएचई विभाग के अधिकारी जिला प्रशासन के मुखिया की विभागीय समीक्षा बैठकों में सब कुछ ऑल इज वेल बताकर वाहवाही लूट रहे हैं। हद तो यह है कि सत्ता परिवर्तन के बाद मौजूदा भाजपा सरकार के जनप्रतिनिधि भी तात्कालिक कांग्रेस सरकार के ढर्रे पर ही काम करते नजर आ रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत में ब्रिटिश जमाने की स्थापित लोहे की पानी टंकी के जर्जर व खस्ताहाल हो जाने के कारण नगरवासियों तथा नगर पंचायत की मांग पर करीब नौ साल पूर्व तात्कालिक भाजपा सरकार ने नगर में आवर्धन जलप्रदाय योजना अंतर्गत उच्च स्तरीय जलागार निर्माण के लिए 2 करोड़ 94 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कार्य का जिम्मा पीएचई विभाग को दिया था। बताया जाता है कि शासन से स्वीकृति मिलने के बाद पीएचई विभाग ने इस निर्माण कार्य का जिम्मा बिलासपुर के किसी ठेकेदार को दिया था और ठेकेदार ने निर्माण कार्य को मूर्त रूप दिया। बताया जाता है कि पानी टंकी बन कर तैयार खड़ी है, पाईप लाईन भी बिछ चुकी है और वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के पूर्व जिले के वनांचल ग्राम कुकदुर पहुंचे तात्कालिक मुख्यमंत्री ने इसका लोकार्पण भी कर दिया है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि अभी तक न तो पीएचई विभाग ने आवर्धन जलप्रदाय योजना अंतर्गत उच्च स्तरीय जलागार निर्माण, नगर पंचायत पाण्डातराई को हस्तांतरित किया है और न ही इसका कोई लाभ नगरवासियों को मिल पा रहा है।

मजेदार बात यह है कि करीब ढाई साल पूर्व सत्ता परिवर्तन के बाद सत्ता पर काबिज हुई भाजपा की सरकार और उसके नुमाईंदो ने भी इसकी सुध नहीं ली है और ना ही इस योजना का लाभ नगरवासियों को दिलाने कोई प्रयास ही किए हैं।

ऐसे में नगरवासियों द्वारा अब यह सवाल खड़ा किया जा रहा है कि आखिर वो दिन कब आयेगा जब उन्हें पाण्डातराई आवर्धन जलप्रदाय योजना अंतर्गत उच्च स्तरीय जलागार निर्माण का पानी नसीब होगा।

### हर बार टेस्टिंग में सामने आते रहा फाल्ट




नगरवासियों के मुताबिक पानी टंकी निर्मित होने और पाईप लाईन बिछने के बाद प्रारंभिक स्थिति में विभाग द्वारा लगातार पानी सप्लाई की टेस्टिंग की गई है। लेकिन टेस्टिंग के दौरान भूमिगत पाईप लाईन में कई स्थानो से लीकेज सामने आ रहे हैं। नगरवासियों के मुताबिक शुरूआती दौर में टेस्टिंग के दौरान मुख्य रूप से वार्ड क्रमांक 5 मेन रोड, शासकीय अस्पताल के पास सहित अन्य स्थानो में पाईप लाईन से पानी लीकेज हो रहा है।

### नगरवासियों को हो रही भारी परेशानी

लोगों ने बताया कि पेयजल की इस सुविधा का लोकार्पण हुए नौ साल बीत चुके हैं लेकिन इसका लाभ लोगों का अब तक नहीं मिल पा रहा है। जबकि इन दिनो भीषण गर्मी पड़ रही है और नगर के कई वार्डो में पेयजल की समस्या बनी हुई है। लोग आज भी पुरानी व्यवस्था के भरोसे ही पेयजल की व्यवस्था कर रहे हैं माना जा रहा है कि अगर यह व्यवस्था प्रारंभ हो जाती है तो लोगों के बीच पेयजल की समस्या समाप्त हो जाएगी।

### बोड़ला में अंग्रेजी भाषा दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, बोडला में अंग्रेजी भाषा दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य उमेश कुमार पाठक ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में सहायक प्राध्यापक सनत कुमार देवांगन एवं योगेश ध्रुव उपस्थित रहे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य उमेश कुमार पाठक ने कहा कि अंग्रेजी एक ऐसी खिड़की है, जिसके माध्यम से हम विश्व को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं।उन्होंने विद्यार्थियों को बिना भय के अंग्रेजी बोलने का अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने संस्कृत सहित सभी भाषाओं के प्रति सम्मान रखने और उन्हें सीखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

मुख्य वक्ता सनत कुमार देवांगन ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को अंग्रेजी से डरने के बजाय उसे अपना मित्र बनाना चाहिए। उन्होंने मातृभाषा पर गर्व करते हुए अंग्रेजी सीखने की बात कही। वहीं सहायक प्राध्यापक योगेश ध्रुव ने दैनिक जीवन में संप्रेषण कौशल को बेहतर बनाने के लिए अंग्रेजी भाषा के उपयोग पर बल दिया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं तनु, पायल, अंकिता एवं अमीषा ने अंग्रेजी भाषा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

## सर्व क्षत्रिय राजपूत महासंघ के जेके सिंह बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गत 26 अप्रैल, 2026 को महाराणा प्रताप सांस्कृतिक भवन, अरविंद नगर, बिलासपुर में सर्व क्षत्रिय राजपूत महासंघ, छत्तीसगढ़ के द्वारा महासंघ के त्रिवर्षीय निर्वाचन एवं वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया था।

जिसमें कवर्धा जिले के जेके सिंह को अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई वहीं अन्य पदाधिकारियों का भी निर्वाचन किया गया है। इस त्रिवार्षिक चुनाव अधिकारी नीरज सिंह क्षत्रिय, कपिल सिंह एवं रमेश सिंह ठाकुर द्वारा अवगत कराया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य में क्षत्रिय राजपूतों के पृथक-पृथक कुल 19 संगठनों को संगठित करते हुए गठित किए गए महासंघ का यह प्रथम त्रिवर्षीय निर्वाचन एवं वार्षिक आमसभा है।

इस निर्वाचन में महासंघ के अध्यक्ष के रूप में जितेन्द्र कुमार सिंह कवर्धा, उपाध्यक्ष के रूप में रतन सिंह क्षत्रिय, कोषाध्यक्ष के रूप में गजेन्द्र सिंह ठाकुर तथा महासचिव के रूप में प्रेम सिंह ठाकुर को सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। जिन्हें मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए, इन पदों पर निष्ठापूर्वक कार्य हेतु शपथ भी दिलवाई गई।

## निंदा प्रस्ताव का किसी भी कानून पर बाध्यकारी प्रभाव नहीं: मो.अकबर

■ भाजपा सरकार पर लोगों को गुमराह करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



पूर्व केबीनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने लम्बे अर्से के बाद प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोला है। पूर्व मंत्री एवं कवर्धा विधायक मो.अकबर ने एक बयान जारी कर कहा है कि लोकसभा में 131 वां संविधान संशोधन विधेयक पारित न हो पाने के पश्चात भाजपा लोगों को गुमराह करना चाह रही है।

महिला आरक्षण विधेयक नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से 2023 को पारित हो चुका है तथा लोकसभा विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का कानून बन चुका है। महिला आरक्षण की आड़ में मनमाने परिसीमन करने भाजपा का षडयंत्र सफल नहीं हुआ तो वह गैर भाजपा पर्टियों पर महिला आरक्षण विधेयक पारित न होने देने का झूठा आरोप लगा रही है जबकि महिला आरक्षण विधेयक वर्ष 2023 में ही पारित हो चुका है।

प्रदेश के पूर्व केबीनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 174 के अनुसार विधानसभा का सत्र बुलाने की शक्ति राज्यपाल के पास है लेकिन व्यवहार में यह निर्णय मंत्री परिषद (केबिनेट) की सलाह पर होता है। यदि सरकार चाहे तो किसी विशेष मुद्दे पर विशेष सत्र बुलाने की सिफारिश कर सकती है।

सामान्यतः विशेष सत्र राज्य के महत्वपूर्ण मुद्दो पर चर्चा के लिए, विश्वास मत/बहुमत परीक्षण, बजट या अनुपूरक बजट पारित करने के लिए, प्राकृतिक आपदा या कानून व्यवस्था संकट या विशेष कानून पारित करने के लिए बुलाया जाता है। लेकिन मामला अत्यंत गंभीर हो, तात्कालिक या राजनैतिक रूप से महत्वपूर्ण हो तो सरकार विशेष सत्र बुला सकती है।

मोहम्मद अकबर ने कहा कि विधानसभा इसलिए है ताकि राज्य अपनी जनता के लिए अपने स्तर पर शासन चला सके और स्थानीय समस्याओं का समाधान कर सकें। सामान्यतः निंदा प्रस्ताव नियमित सत्र में लाया जाता है और आमतौर पर विपक्ष द्वारा सरकार की नीतियों या कार्यों की आलोचना के लिए लाया जाता है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार भाजपा सरकार विधानसभा का विषेश सत्र निंदा प्रस्ताव के लिए बुला रही है। विधानसभा द्वारा पारित ऐसा कोई भी निंदा प्रस्ताव प्रतीकात्मक होता है।

इसका कोई भी कानून पर बाध्यकारी प्रभाव नहीं पड़ता। लेकिन ये एक राजनैतिक संदेश देने की कोशिश है। अब छत्तीसगढ़ में जिनको भाजपा की सरकार संदेश देना चाहती है उन तक ये संदेश पहुंचेगा या नहीं, यह समय बताएगा।

## अंचल में काली घटा छाई बारिश से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और तेज लू के बीच सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ली, जिससे लोगों को बड़ी राहत महसूस हुई।



दूसरे पहर के बाद आसमान में काली घटाएं छा गईं और कवर्धा सहित आसपास के अंचलों में हल्की से मध्यम बूंदाबांदी दर्ज की गई। सुबह के समय जहां तापमान लगभग 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था और तेज धूप के साथ गर्म हवाओं के थपेड़ों ने जनजीवन को प्रभावित कर रखा था, वहीं दोपहर बाद मौसम के बदले मिजाज ने राहत पहुंचाई।

बादलों की आवाजाही और ठंडी हवाओं के चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अचानक हुए इस मौसम परिवर्तन से लोगों को भीषण गर्मी से अस्थायी राहत मिली। बाजारों और सड़कों पर जहां दोपहर तक सन्नाटा पसरा हुआ था, वहीं मौसम सुहावना होते ही लोगों की आवाजाही बढ़ने लगी। किसानों और आम नागरिकों ने भी इस बदलाव को राहत भरा बताया।

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में आंशिक बादल छाए रहने और कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। हालांकि गर्मी का प्रभाव पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है, लेकिन इस तरह के मौसम परिवर्तन से तापमान में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है।

कुल मिलाकर, भीषण गर्मी के बीच अचानक बदले मौसम ने लोगों को कुछ समय के लिए राहत जरूर दी है, लेकिन आने वाले दिनों में गर्मी का असर फिर से बढने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## कार्रवाई की मांग को लेकर जिला कार्यालय पहुंची ग्रामीणों की भारी भीड़

# निस्तारी भूमि पर अतिक्रमण से भड़का आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत रेंगाखार तहसील के ग्राम बहेराखार में शासकीय एवं सार्वजनिक निस्तारी भूमि पर बेजा कब्जा और अतिक्रमण का मामला सामने आया है। इसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी नाराजगी और आक्रोश व्याप्त है।

सोमवार को बड़ी संख्या में गांव के महिला-पुरुष एवं युवा जिला कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर से शीघ्र कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा निजी जमीन खरीदी गई है, लेकिन उसी की आड़ में मुक्तिधाम, गौठान तथा अन्य शासकीय भूमि पर भी अवैध कब्जा कर लिया गया है। इसके चलते गांव में कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।

उन्होंने बताया कि मुक्तिधाम की भूमि पर अतिक्रमण होने से अंतिम संस्कार में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं गौचर भूमि पर कब्जे के कारण मवेशियों के लिए चारे की समस्या खड़ी हो गई है।

ग्रामीणों के अनुसार, इस संबंध में ग्राम सरपंच एवं स्थानीय प्रशासन को पूर्व में भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज होकर ग्रामीणों ने जिला कार्यालय पहुंचकर प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो वे जिला कार्यालय का घेराव कर आंदोलन तेज करेंगे।

### लगातार सामने आ रहे मामले

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में शासकीय भूमि, आम निस्तारी की भूमि, निजी भूमि सहित वन भूमि में अतिक्रमण और बेजा कब्जा जैसे मामले लगातार सामने आ रहे हैं। जिनकी शिकायत स्थानीय प्रशासन एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधयों से भी की जा रही है लेकिन कार्यवाही शून्य है। ऐसे में लोगों को जिला कार्यालय का रूख करना पड़ रहा है। देखना होगा कि यहां से पीड़ितों को कितनी राहत मिलती है।

## शत प्रतिशत रहा स्कूल का परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

सरस्वती शिशु मंदिर पांडातराई में आयोजित स्थानीय परीक्षाओं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विगत दिवस कक्षा अरुण से चतुर्थ, कक्षा षष्ठ से सप्तम, कक्षा नवम एवं एकादश तक के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा एकादश में हरिकांत चन्द्रवंशी ने 95.88 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवम में शिखा साहू 96.80 प्रतिशत, कक्षा सप्तम में भूमि सोनी 97.00 प्रतिशत, कक्षा षष्ठ में ऋतिका कश्यप 96.66 प्रतिशत, कक्षा चतुर्थ में भूमिका साहू 99.00 प्रतिशत, कक्षा तृतीय में देवांश गुप्ता 95.67 प्रतिशत, कक्षा द्वितीय में पूर्वेश गुप्ता 96.50 प्रतिशत, कक्षा प्रथम में शारदा साहू 98.00 प्रतिशत, कक्षा उदय में उर्वी साहू 99.33 प्रतिशत तथा कक्षा अरुण में दिव्यांश यादव ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया।



विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे उनके परिश्रम और मार्गदर्शन का परिणाम बताया।

इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक अनिल दास गुप्ता, उपाध्यक्ष नरोत्तम दास गुप्ता, रघुनंदन गुप्ता, सुचिता गुप्ता सहित समिति के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक चन्द्रवंशी, प्रधानाचार्य लवकेश गुप्ता, ओंकार चन्द्रवंशी तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।